आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–14 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की तेरह सीटों पर आज नामांकन समाप्त हो गया। आखिरी दिन वाराणसी से तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। नामांकन से पूर्व सुबह प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट पहुंचे और गंगा पूजन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने काशी के कोतवाल कहे जाने वाले काल भैरव की पूजा की। श्री मोदी के नामांकन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के अलावा घटक दल के महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, डिप्टी सीएम देवेन्द्र फडड़वीस, आन्ध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चन्द्र बाबू नायडू, और रालोद प्रमुख जयंत चौधरी आदि मौजूद रहे। उधर महराजगंज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र चौधरी, गोरखपुर लोकसभा सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी की अमिता भारती ने भी नामांकन किया।

इस चरण के लिए कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। सातवें और आखिरी चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव में अब बचे तीन चरणों के लिये चुनाव प्रचार में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नामांकन के बाद रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में पार्टी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जीत का मंत्र दिया। वहीं, बस्ती लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हरीश द्विवेदी के समर्थन में कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के शिवपुर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में दुनिया के सामने दहाड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां गरीबी दूर नहीं करना चाहती। महिलाओं, दलित, पिछड़ा और आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा में नहीं लाना चाहती बल्कि सिर्फ मोदी को हटाकर अपना स्वार्थ्य साधना चाहती है।

उधर, महराजगंज और बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी हैं तो महंगाई और बेरोजगारी सब मुमकिन है। पेट्रोल और गैस महंगा हो गया है। खेत में डालने के लिये कीटनाशक के दाम भी बढ़ गये हैं। मोदी लोगों को डरा कर अपनी सरकार चला रहे हैं। श्री खड़गे ने कहा कि हम मोदी–योगी से व्यक्तिगत लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, यह विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है कि हमारी डबल इंजन की सरकार है, लेकिन सच यह है कि एक इंजन फेल हो गया है और दूसरा इंजन डिरेल हो गया है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल यादव भी मौजूद रहे।

इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जालौन जिले में एक राजनीतिक सभा में बीजेपी पर हमला बोला और कहा कि बीजेपी भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है और उनकी नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। उन्होंने सपा प्रत्याशी नारायण दास के पक्ष में प्रचार किया। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी आज अमेठी में कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

****

हापुड़ जिले की तीर्थ नगरी गढ़मुक्तेश्वर बृजघाट में बैशाख मास की सप्तमी के दिन आज धूमधाम से गंगा जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की ओर से शोभायात्रा निकाली गयी और गंगा पूजन किया गया। पौराणिक मान्यता है कि इस दिन गंगा का प्राकट्य हुआ था। गंगा सप्तमी पर श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर विधि–विधान से गंगा तट पर पूजा–अर्चना की।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुयी अलग–अलग दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। हापुड़ जिले के थाना गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के अल्लाबख्शपुर के पास सड़क हादसे में छः लोगों मी मौत हो गयी जबकि एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल हो इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना तब हुयी जब नैनीताल जा रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गयी।

उधर, वाराणसी के आदमपुर थाना के रानी घाट पर नहाने गये तीन दोस्तों की गंगा में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तीनों शवों को बाहर निकलवाया। तीनों को दीनदयाल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वहीं, बदायूं के कछला गंगा घाट पर नहाने गये तीन किशोरी और एक किशोर भी गंगा में बह गये। हलांकि मौके पर मौजूद गोताखोरों ने तीन किशोरियों को तो बचा लिया लेकिन किशोर अभी भी लापता है।

****